तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



सुशासन तिहार के पहले चरण के तहत जिले में मिले... 13





श्री राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर उमड़ा श्रद्धा... 14




## खबर संक्षेप

### पंचायत सचिवों ने किया रामायण पाठ



**साजा।** साजा ब्लॉक के पंचायत सचिव लगातार 24 वें दिन भी धरने पर बैठे रहे। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर उन्होंने जनपद कार्यालय के बाहर लगे पंडाल में ही रामायण पाठ किया। इस दौरान सरकार की सद्बुद्धि के लिए भी प्रार्थना की गई। संघ के अध्यक्ष नीलकमल साहू ने कहा कि सरकार को सचिवों की मांग जल्द पूरी करनी चाहिए। इस अवसर पर अध्यक्ष नीलकमल साहू, टीकम चन्द वर्मा, तनसिंह राजपूत, संभू साहू, योगेश डोंडे, कोमल वर्मा, प्रेम पटेल, दुर्गा वर्मा, करण साहू अञ्जनी साहू, हिरौंदी ठाकुर, नमिता लहरी, तारण पटेल, धलेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में सचिव उपस्थित थे।

### देवकर में धूमधाम से मना श्री हनुमान जन्मोत्सव



**देवकर।** नगर में हनुमान जन्म उत्सव धूमधाम से जहां मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। सुबह से नगर के मेन गेट स्थित हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की गई और भंडारा का आयोजन किया ▶▶| शेष पेज 12 पर

**वारदात :** साजा थाना अंतर्गत देवकर चौकी क्षेत्र के ग्राम परपोड़ा की घटना

# दामाद की आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक तलवार से किया ताबड़तोड़ वार, आरोपी ससुर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना साजा क्षेत्र की देवकर चौकी में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। वहां आपसी पारिवारिक विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया। ग्राम परपोड़ा निवासी एक 75 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति ने अपने ही दामाद की आंखों पर मिर्ची पाउडर फेंककर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। गम्भीर रूप से घायल हुए युवक को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

▪ घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 10 अप्रैल की रात करीब 10 बजे की है। ग्राम परपोड़ा निवासी बिसौहा साहू (75 वर्ष) ने अपने दामाद मोहित साहू उर्फ होलू साहू (निवासी परपोड़ा) के साथ आपसी निजी विवाद को लेकर पहले गाली-गलौज की और फिर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान उन्होंने मिर्ची पाउडर मोहित के चेहरे पर फेंका और उसके बाद अपने पास रखी तलवार से कई बार हमला कर दिया। इस हमले में मोहित साहू के सिर, कान के पास, सिर के पीछे, सीने और दोनों हाथों के अंगूठों के पास गहरी चोटें आई हैं। उसे गंभीर स्थिति में पहले बेरला अस्पताल ले जाया गया, जहाँ से डॉक्टरों ने रायपुर के लिए रेफर कर दिया। फिलहाल मोहित रायपुर में उपचाररत है। घटना की सूचना मोहित के परिजनों ने पुलिस को दी गई। 11 अप्रैल को प्रार्थी मालिक साहू (पिता मनहरण साहू) ने चौकी देवकर में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी बिसौहा साहू के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351(3), 109(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।



### पुलिस ने दिखाई सक्रियता

घटना की जानकारी होते ही देवकर चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक उदलराम टांडेकर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर आरोपी की धरपकड़ की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 10 अप्रैल की रात ही गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से हमले में प्रयुक्त तलवार एवं मिर्ची पाउडर को भी जब्त कर लिया। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी के साथ-साथ प्रधान आरक्षक अजय लहरे, आरक्षक मानदास, भुषण मारकंडे, पुरुषोत्तम पटेल और अन्य पुलिस स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

### सामाजिक दृष्टिकोण से चिंता की बात

इस प्रकार की घटनाएं समाज में पारिवारिक संबंधों में आ रहे तनाव और हिंसा की ओर संकेत करती हैं। बुजुर्ग और दामाद के बीच इस प्रकार की हिंसक घटना न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह बताती है कि संवाद और समाधान की जगह अब लोग हिंसा का रास्ता अपनाने लगे हैं, जो समाज के लिए खतरनाक संकेत है।

# सूने घर का ताला तोड़ जेवर व नकदी चुराए, आरोपी गिरफ्तार



**पुलिस चौकी मारो क्षेत्र के ग्राम झिलगा की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

पुलिस चौकी मारो अंतर्गत एक घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्रवाई में चोरी गए बहुमूल्य सोने-चांदी के जेवरात और घटना में प्रयुक्त वाहन समेत अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

▪ आरोपी से चोरी का सामान और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को झिलगा निवासी दुलौरीन बाई साहू (उम्र 51 वर्ष) ने मारो चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 8 अप्रैल की रात वह अपने बेटे के घर सोने चली गई थीं और जब अगली सुबह लगभग 5:30 बजे वापस लौटीं, तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर रखी पेटी का ताला भी टूटा था और उसमें रखे पुराने इस्तेमाली जेवरात तथा नगदी गायब थे। चोरी गए सामान में चांदी के 02 बचकानी लच्छा, चांदी की 03 अंगूठी, चांदी की 02 बचकानी पायल, चांदी के 02 क्लिप, सोने के 02 लॉकेट (एक बड़ा, एक छोटा) सबका अनुमानित मूल्य 30,000 रुपये एवं नगदी 11,000 रुपये शामिल है।

प्रकरण में धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर ग्राम पुटपुरा निवासी हिमांचल साहू (उम्र 29 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकार करते हुए चोरी के सभी जेवरात और नकदी अपने घर की अलमारी से प्रस्तुत किए। साथ ही, चोरी में प्रयुक्त वाहन क्रमांक एमएच 40 एयू 6757 और लोहे की रॉड को भी आरोपी ने अपने घर से पेश किया, जिसे पुलिस ने ज़ब्त कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि नगदी में से कुछ राशि का उपयोग उसने शराब और खाने-पीने में कर दिया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक जितेन्द्र कश्यप के साथ प्रधान आरक्षक दुर्गेश तिवारी, आरक्षक दीपक साहू, राकेश वर्मा, अजय गोयल तथा अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।




